**CBSE Class–5 Hindi**
**NCERT Solutions**
**रिमझिम पाठ- 13. स्वामी की दादी**

**कहानी से**

**प्रश्न 1. "सच? राजम बड़ा बहादुर लड़का है|" स्वामी को क्यों लगा कि दादी ने यह बात उसे खुश करने के लिए कही?**
**उत्तर-** दादी ने यह बात उसे खुश करने के लिए कही लेकिन स्वामी को ऐसा इसलिए लगा क्योंकि दादी राजम को अच्छी तरह नहीं जानती थी|

**प्रश्न 2. मैडल से चूड़ियाँ बनवा लेने पर दादी ने बुआ को महामूर्ख क्यों माना?**
**उत्तर-** मैडल से चूड़ियाँ बनवा लेने पर दादी ने बुआ को महामुर्ख इसलिए माना क्योंकि वह मैडल स्वामी के दादा जी को एम.ए. करने पर मिला था| वह उनकी सफलता की निशानी था| लेकिन बुआ ने उसे तुड़वाकर चूड़ियाँ बनवा ली थी|

**प्रश्न 3. पाठ के आधार पर दादी या स्वामी के स्वभाव, आदतों आदि के बारे में तुम्हे क्या पता चलता है? किसी एक के बारे में दस-बारह वाक्य लिखो|**
**उत्तर-** स्वामी एक छोटा-सा बच्चा है| वह अपनी दादी के साथ रहकर बहुत खुश है और दादी से बहुत प्यार करता है| वह अपने दोस्त की बातें अपनी दादी को बढा-चढ़ा कर कर बताता है| लेकिन बाद में जब वह उसकी बातों पर ध्यान नहीं देती इसलिए उसे गुस्सा आता है| उसे पुरानी बातें सुनना अच्छा लगता है| वह दादी को अपनी बातें ध्यान से सुनने के लिए कहता है| लेकिन स्वयं उनकी बात ध्यान से नहीं सुनता|

**तुम्हारी समझ से**

**प्रश्न 1. स्वामी ने राजम को ' ऊंची चीज ' माना | क्या तुम स्वामी के राय से सहमत हो ? अपने उत्तर के कारण लिखो|**
**उत्तर -** हां, हम भी स्वामी की राय से सहमत हैं क्योंकि राजम के पास पुलिस की वर्दी थी| उसके पिता पुलिस के अधीक्षक थे| राजम पढ़ने-लिखने में बहुत होशियार था और उसने शेर को भी मारा था|

**प्रश्न 2. स्वामी का अपनी दादी के साथ कैसा रिश्ता था ? तीन - चार वाक्य में लिखो|**
**उत्तर -** स्वामी का अपनी दादी के साथ प्यार-भरा रिश्ता था| स्वामी अपनी दादी की गोद में स्वयं को सुरक्षित महसूस करता था| साथ ही अपनी दादी के साथ बहुत खुश रहता था|

**कहानी हो तुम**

**प्रश्न 1. ( क ) " स्वामीनाथन के दादा रौबदार सब - मजिस्ट्रेट थे|"**
**किसी व्यक्ति का रौब किन बातों से पता चलता है?**
**उत्तर -** किसी व्यक्ति का रौब उसके पद, उसके व्यक्तित्व और अन्य लोगों में उसके आदर-सम्मान से पता चलता है|

**( ख ) क्या तुम्हारे आस - पास कोई रौबदार व्यक्ति है ? शब्दों के जरिए उसका खाका खींचो|**

**उत्तर -** हमारे घर के पास एक रौबदार अंकल है| वह पुलिस में है| उनकी मूंछे बड़ी-बड़ी है उनका शरीर भी काफी मजबूत है| उनकी आवाज बहुत बुलंद है और वे सदा खुश रहते हैं सभी लोग अंकल का सम्मान करते हैं|

**प्रश्न 2. " स्वामीनाथन दादी के पास …… बहुत प्रसन्न और सुरक्षित महसूस कर रहा था |" तुम कब असुरक्षित महसूस करते हो?**

**उत्तर-** जब हम अकेले हों या अपने माता-पिता से दूर हों, उस समय हम असुरक्षित महसूस करते हैं|

**प्रश्न 3. तुम इन हालात में कैसा महसूस करती हो-**

**(क) दोस्त के घर में**

**(ख) जब तुम पहली बार किसी के घर जाती हो**

**(ग) रेलगाड़ी या बस में किसी सफ़र पर**

**(घ) जब तुम मुख्याध्यापक के कमरे में जाती हो**

**उत्तर -** (क) दोस्ते के घर में हम बहुत ख़ुशी महसूस करते हैं|

(ख) जब हम पहली बार किसी के घर जाते हैं, तो हम थोडा-सा अजीब महसूस करते हैं|

(ग) रेलगाड़ी या बस में सफ़र करते समय हम बहुत ही खुश होते हैं|

(घ) जब हम मुख्याध्यापक के कमरे में जाते हैं, तो हम थोड़ा-बहुत डर जरूर लगता है|

---

**पता करो**

**प्रश्न 1. सब-मजिस्ट्रेट कौन होता है? क्या वह पुलिस विभाग में होता है?**

**उत्तर-** सब मजिस्ट्रेट एक जज होता है| वह पुलिस विभाग में नहीं होता है|

**प्रश्न 2. तुम्हारा घर या स्कूल किस थाने में आता है? थाने में कौन-कौन से पद होते हैं? उन व्यक्तियों के नाम भी पता करो जो इन पदों पर हैं| नीचे दी गई तालिका में इकट्ठा की गई जानकारी को दर्ज करो|**

| **थाने का नाम-** | |
|---|---|
| **पद** | **व्यक्ति का नाम** |
| | |
| | |
| | |

**उत्तर-** हमारा घर थाना रोहिणी में आता हैं| थाणे में एस.एच.ओ., इंस्पेक्टर, सब-इंस्पेक्टर, हवलदार, सिपाही आदि पद होते हैं|

| **थाने का नाम-** | |
|---|---|
| | |

| पद | व्यक्ति का नाम |
|---|---|
| एस.एच.ओ<br>इंस्पेक्टर<br>सब-इंस्पेक्टर<br>हवलदार<br>सिपाही | श्री वी.के.सिंह<br>श्री राजवीर राठी<br>श्री वी.के.शर्मा<br>श्री सुखवीर सिंह<br>किशनपाल मीणा |

**दादी का बक्सा**

**"उसका (दादी) सामान था- पाँच दरियाँ, तीन चादरें,......... लकड़ी का एक छोटा बक्सा जिसमें तांम्बे के सिक्के, इलायची, लौंग, और सुपारी पड़े थे|"**

**प्रश्न 1. दादी अपने बक्से में इलायची, लौंग और सुपारी क्यों रखती होंगी?**

**उत्तर-** दादी अपने बक्से में इलायची, लौंग और सुपारी खाने के लिए रखती होंगी|

**प्रश्न 2. क्या तुम्हारे घर में इसका इस्तेमाल होता है किन किन तरह से होता है|**

**उत्तर -** हमारे घर में इसका इस्तेमाल होता है| इसका इस्तेमाल चाय में तथा अलग-अलग पकवान बनाने में होता है|

**प्रश्न 3. तांबे के सिक्के बनाने के लिए किस किस धातु का इस्तेमाल होता है?**

**उत्तर -** तांबे के सिक्के बनाने के लिए तांबे तथा लोहे का इस्तेमाल होता है|

**प्रश्न 4. सिक्के कौन कौन सी धातु के बने होते हैं**

**उत्तर -** सिक्के तांबे, सोने, चांदी, लोहे, पीतल, गिल्ट आदि धातुओं द्वारा बने हो सकते हैं|

**शब्दों की बात**

**नीचे पहले स्तंभ के रेखांकित विशेषणों के शब्दों का वाक्य में प्रयोग करो | तुम एक से अधिक वाक्यों का सहारा भी ले सकती हो|**

**<u>उलजुलूल</u> कल्पना , चेतावनी,**

**<u>रुखा</u> स्वर मिठास**

**<u>खूंखार</u> डाकू समर्थन**

**उत्तर -** (क) तुम उलजुलूल मत बोलो, इसलिए मैंने पहले ही चेतावनी दी थी|

(ख) आज रुखा भोजन कर लो| कल तुम्हे मिठास से भरपूर भोजन मिलेगा|

(ग) मलखान सिंह एक खूंखार डाकू है मैं तुम्हारी इस बात का समर्थन करता हूं|

**नीचे कहानी से कुछ वाक्यों के अंश दिए गए हैं | इनमें जिन शब्दों के नीचे खींची है , उनका लिंग पहचानो और लिखो|**

**पुलिस की <u>वर्दी</u>**

**काफी बड़ा <u>दफ्तर</u>**

**तांबे के सिक्के**

**अपने सारे सामान**

**दसवां हिस्सा**

**उस जैसे महामूर्ख**

**उत्तर - वर्दी** – स्त्रीलिंग, **दफ़्तर** – पुल्लिंग, **सिक्का** – पुल्लिंग, **सामान -** पुल्लिंग, **हिस्सा** – पुल्लिंग, **महामूर्ख** – पुल्लिंग |